**NEWS CLIPPING: 21.08.2021**

**PUNJAB KESARI**

# विद्यार्थियों को औद्योगिक अनुभव देने के लिए समझौता

## विद्यार्थियों और शिक्षकों को कौशल विकास में मिलेगी मदद

फरीदाबाद, 20 अगस्त (पूजा शर्मा): ऑटोमेशन और रोबोटिक्स के क्षेत्र में विद्यार्थियों तथा शिक्षकों को औद्योगिक परियोजनाओं पर काम करने का व्यावहारिक प्रशिक्षण और अनुभव प्रदान करने के लिए जे.सी. बोस विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद ने आज आरवीएम सीएडी कंसल्टेंट्स के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए। आरवीएम सीएडी कंसल्टेंट्स फरीदाबाद स्थित कंप्यूटर-एडेड डिजाइन (सीएडी), कंप्यूटर-एडेड मैन्युफैक्चरिंग (सीएएम) और कंप्यूटर-एडेड इंजीनियरिंग (सीएई) के क्षेत्र में विशेषज्ञता रखने वाली कंपनी है।

इस समझौते पर जे.सी. बोस विश्वविद्यालय की ओर से कुलसचिव डॉ. एस. के. गर्ग तथा कंपनी की ओर से आरवीएम सीएडी के निदेशक श्रवि मखीजा ने हस्ताक्षर किये। इस अवसर पर इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग की अध्यक्ष प्रो. पूनम सिंघल और निदेशक इंडस्ट्री रिलेशंस डॉ. रश्मि पोपली भी मौजूद थीं।



*समझौता हस्तांतरित करते कुलसचिव डॉ. एस.के. गर्ग और आरवीएम सीएडी के निदेशक रवि मखीजा साथ में प्रो. पूनम सिंघल। (छाया: एस शर्मा)*

औद्योगिक सहभागिता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने कहा कि विश्वविद्यालय उभरती प्रौद्योगिकियों से संबंधित औद्योगिक आवश्यकता को पूरा करने के लिए अपने शैक्षणिक पाठ्यक्रम को उन्नत करने के लिए निरंतर प्रयास कर रहा है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय ने आगामी शैक्षणिक सत्र से रोबोटिक्स और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस में एक नया बी.टेक कार्यक्रम भी शुरू किया है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि इस सहयोग से विद्यार्थियों और और शिक्षकों को कौशल विकास में मदद मिलेगी। कुलसचिव डॉ. एस.के. गर्ग ने कहा कि औद्योगिक परियोजनाओं पर पर काम करने का अवसर न केवल विद्यार्थियों की रोजगार क्षमता को बढ़ाएगा बल्कि शिक्षकों को उभरती प्रौद्योगिकियों की व्यावहारिकता के बारे में जानने में भी मदद करेगा।

### जे.सी. बोस विश्वविद्यालय में 375 ने करवाया टीकाकरण

कोविड-19 के खिलाफ लड़ाई के अपने जारी प्रयासों को जारी रखते हुए जे.सी. बोस विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद द्वारा आज विश्वविद्यालय परिसर में एक विशेष टीकाकरण शिविर का आयोजन किया, जिसमें 18 वर्ष से ऊपर की आयु वर्ग के विद्यार्थियों और कर्मचारियों ने कोविड-19 टीकाकरण का लाभ उठाया। शिविर के दौरान लगभग 375 लोगों को कोविड वैक्सीन कोविशील्ड का पहला व दूसरा शॉट दिया गया। कोविड-19 टीकाकरण शिविर का आयोजन विश्वविद्यालय के स्वास्थ्य केंद्र द्वारा चिकित्सा अधिकारी डॉ अंकुर शर्मा की देखरेख में किया गया। इस अवसर पर कुलसचिव डॉ. एस.के. गर्ग ने विद्यार्थियों और कर्मचारियों को टीकाकरण के लिए प्रोत्साहित किया। टीकाकरण अभियान के आयोजन पर प्रसन्नता जताते हुए कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व में केंद्र सरकार ने एक केंद्रीकृत मुफ्त टीकाकरण नीति शुरू की है जिसके तहत 18 वर्ष से अधिक उम्र के सभी नागरिकों को मुफ्त कोविड-19 टीका उपलब्ध कराया जा रहा है। प्रो. दिनेश कुमार ने कहा कि टीकाकरण से कोविड संक्रमण के खिलाफ प्रतिरोधक क्षमता बढ़ेगी और हम इस महामारी से लड़ने में कामयाब होंगे। उन्होंने कहा कि कोविड संक्रमण के खिलाफ टीकाकरण ही एक प्रभावी समाधान है, लेकिन टीकाकरण के बावजूद उन्हें मास्क लगाने और सामाजिक दूरी बनाए रखने जैसे उपयुक्त व्यवहार का पालन करना होगा ताकि संक्रमण को रोका जा सके।

**NEWS CLIPPING: 21.08.2021**

**PIONEER**

# विद्यार्थियों को औद्योगिक अनुभव देने के लिए समझौता



**फरीदाबाद।** ऑटोमेशन और रोबोटिक्स के क्षेत्र में विद्यार्थियों और शिक्षकों को औद्योगिक परियोजनाओं पर काम करने का व्यावहारिक प्रशिक्षण और अनुभव प्रदान करने के लिए जेसी बोस विज्ञान और प्रौद्योगिकी विवि, वाईएमसीए, फरीदाबाद ने शुक्रवार को आरवीएम सीएडी कंसल्टेंट्स के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए। आरवीएम सीएडी कंसल्टेंट्स फरीदाबाद स्थित कंप्यूटर-एडेड डिजाइन (सीएडी), कंप्यूटर-एडेड मैन्युफैक्चरिंग (सीएएम) और कंप्यूटर-एडेड इंजीनियरिंग (सीएई) के क्षेत्र में विशेषज्ञता रखने वाली कंपनी है।

इस समझौते पर जेसी बोस विवि की ओर से कुलसचिव डॉ. एसके गर्ग और कंपनी की ओर से आरवीएम सीएडी के निदेशक रवि मखीजा ने हस्ताक्षर किये। इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग की अध्यक्ष प्रो. पूनम सिंघल और निदेशक इंडस्ट्री रिलेशंस डॉ. रश्मि पोपली भी मौजूद थीं। औद्योगिक सहभागिता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने कहा कि विश्वविद्यालय उभरती प्रौद्योगिकियों से संबंधित औद्योगिक आवश्यकता को पूरा करने के लिए अपने शैक्षणिक पाठ्यक्रम को उन्नत करने के लिए निरंतर प्रयास कर रहा है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय ने आगामी शैक्षणिक सत्र से रोबोटिक्स और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस में एक नया बीटेक कार्यक्रम भी शुरू किया है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि इस सहयोग से विद्यार्थियों और शिक्षकों को कौशल विकास में मदद मिलेगी। कुलसचिव डॉ. एसके गर्ग ने कहा कि औद्योगिक परियोजनाओं पर काम करने का अवसर न केवल विद्यार्थियों की रोजगार क्षमता को बढ़ाएगा बल्कि शिक्षकों को उभरती प्रौद्योगिकियों की व्यावहारिकता के बारे में जानने में भी मदद करेगा।

**NEWS CLIPPING: 21.08.2021**

**SATYAJAY TIMES**

# जे.सी. बोस विश्वविद्यालय ने आरवीएम सीएडी कंसल्टेंट्स के साथ समझौते पर किए हस्ताक्षर

## विद्यार्थियों को औद्योगिक अनुभव देने के लिए हुआ समझौता




**फरीदाबाद, 20 अगस्त, सत्यजय टाईम्स/विजय चौहान।** ऑटोमेशन और रोबोटिक्स के क्षेत्र में विद्यार्थियों तथा शिक्षकों को औद्योगिक परियोजनाओं पर काम करने का व्यावहारिक प्रशिक्षण और अनुभव प्रदान करने के लिए जे.सी. बोस विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद ने आज आरवीएम सीएडी कंसल्टेंट्स के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए।

आरवीएम सीएडी कंसल्टेंट्स फरीदाबाद स्थित कंप्यूटर-एडेड डिजाइन (सीएडी), कंप्यूटर-एडेड मैन्युफैक्चरिंग (सीएएम) और कंप्यूटर-एडेड इंजीनियरिंग (सीएई) के क्षेत्र में विशेषज्ञता रखने वाली कंपनी है। इस समझौते पर जे.सी. बोस विश्वविद्यालय की ओर से कुलसचिव डॉ. एस. के. गर्ग तथा कंपनी की ओर से आरवीएम सीएडी के निदेशक श्री रवि मखीजा ने हस्ताक्षर किये। इस अवसर पर इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग की अध्यक्ष प्रो. पूनम सिंघल और निदेशक इंडस्ट्री रिलेशंस डॉ. रश्मि पोपली भी मौजूद थीं। औद्योगिक सहभागिता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने कहा कि विश्वविद्यालय उभरती प्रौद्योगिकियों से संबंधित औद्योगिक आवश्यकता को पूरा करने के लिए अपने शैक्षणिक पाठ्यक्रम को उन्नत करने के लिए निरंतर प्रयास कर रहा है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय ने आगामी शैक्षणिक सत्र से रोबोटिक्स और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस में एक नया बी.टेक कार्यक्रम भी शुरू किया है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि इस सहयोग से विद्यार्थियों और शिक्षकों को कौशल विकास में मदद मिलेगी। कुलसचिव डॉ. एस.के. गर्ग ने कहा कि औद्योगिक परियोजनाओं पर पर काम करने का अवसर न केवल विद्यार्थियों की रोजगार क्षमता को बढ़ाएगा बल्कि शिक्षकों को उभरती प्रौद्योगिकियों की व्यावहारिकता के बारे में जानने में भी मदद करेगा।

**NEWS CLIPPING: 21.08.2021**

**SATYAJAY TIMES**

# जे.सी. बोस विश्वविद्यालय में 375 ने करवाया कोरोना टीकाकरण

**फरीदाबाद, 20 अगस्त, सत्यजय टाईम्स/गोपाल अरोडा।** कोविड-19 के खिलाफ लड़ाई के अपने जारी प्रयासों को जारी रखते हुए जे.सी. बोस



विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद द्वारा आज विश्वविद्यालय परिसर में एक विशेष टीकाकरण शिविर का आयोजन किया, जिसमें 18 वर्ष से ऊपर की आयु वर्ग के विद्यार्थियों और कर्मचारियों ने कोविड-19 टीकाकरण का लाभ उठाया। शिविर के दौरान लगभग 375 लोगों को कोविड वैक्सीन कोविशील्ड का पहला व दूसरा शॉट दिया गया।

कोविड-19 टीकाकरण शिविर का आयोजन विश्वविद्यालय के स्वास्थ्य केंद्र द्वारा चिकित्सा अधिकारी डॉ अंकुर शर्मा की देखरेख में किया गया। इस अवसर पर कुलसचिव डॉ. एस.के. गर्ग ने विद्यार्थियों और कर्मचारियों को टीकाकरण के लिए प्रोत्साहित किया। टीकाकरण अभियान के आयोजन पर प्रसन्नता जताते हुए कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व में केंद्र सरकार ने एक केंद्रीकृत मुफ्त टीकाकरण नीति शुरू की है जिसके तहत 18 वर्ष से अधिक उम्र के सभी नागरिकों को मुफ्त कोविड-19 टीका उपलब्ध कराया जा रहा है। प्रो. दिनेश कुमार ने कहा कि टीकाकरण से कोविड संक्रमण के खिलाफ प्रतिरोधक क्षमता बढ़ेगी और हम इस महामारी से लड़ने में कामयाब होंगे। उन्होंने कहा कि कोविड संक्रमण के खिलाफ टीकाकरण ही एक प्रभावी समाधान है, लेकिन टीकाकरण के बावजूद उन्हें मास्क लगाने और सामाजिक दूरी बनाए रखने जैसे उपयुक्त व्यवहार का पालन करना होगा ताकि संक्रमण को रोका जा सके।

GOLDEN JUBILEE YEAR
(1969-2019)

**NEWS CLIPPING: 21.08.2021**

**NAVBHARAT TIMES**

# 375 को लगा टीका

■एनबीटी न्यूज, फरीदाबादः जे.सी. बोस विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (वाईएमसीए) में शुक्रवार को विशेष टीकाकरण शिविर का आयोजन किया, जिसमें 18 वर्ष से ऊपर की आयु वर्ग के विद्यार्थियों और कर्मचारियों ने कोविड-19 टीकाकरण का लाभ उठाया। इस दौरान लगभग 375 लोगों को कोविशील्ड का पहला व दूसरा शॉट दिया गया। कोविड-19 टीकाकरण शिविर का आयोजन विश्वविद्यालय के स्वास्थ्य केंद्र द्वारा चिकित्सा अधिकारी डॉ. अंकुर शर्मा की देखरेख में किया गया। इस अवसर पर कुलसचिव डॉ. एस.के. गर्ग ने विद्यार्थियों और कर्मचारियों को टीकाकरण के लिए प्रोत्साहित किया। कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में केंद्र सरकार ने एक केंद्रीकृत मुफ्त टीकाकरण नीति शुरू की है, जिसके तहत 18 वर्ष से अधिक उम्र के सभी लोगों को मुफ्त टीका उपलब्ध कराया जा रहा है।

**NEWS CLIPPING: 21.08.2021**

**NAVBHARAT TIMES**

# छात्रों को मिलेगा औद्योगिक अनुभव

**एनबीटी न्यूज, फरीदाबाद:** ऑटोमेशन और रोबॉटिक्स के क्षेत्र में स्टूडेंट्स व शिक्षकों को औद्योगिक परियोजनाओं पर काम करने का व्यावहारिक प्रशिक्षण और अनुभव प्रदान करने के लिए जे.सी. बोस विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए ने शुक्रवार को आरवीएम सीएडी कंसल्टेंट्स के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए। इस समझौते पर जे.सी. बोस विश्वविद्यालय की ओर से कुलसचिव डॉ. एस. के. गर्ग तथा कंपनी की ओर से आरवीएम सीएडी के निदेशक रवि मखीजा ने हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग की अध्यक्ष प्रो. पूनम सिंघल और निदेशक इंडस्ट्री रिलेशंस डॉ. रश्मि पोपली भी मौजूद थीं।

**NEWS CLIPPING: 21.08.2021**

**AMAR UJALA**

# ऑटोमेशन व रोबोटिक्स विद्यार्थियों को मिलेगा व्यावहारिक प्रशिक्षण

**फरीदाबाद।** ऑटोमेशन और रोबोटिक्स के क्षेत्र में व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए जेसी बोस विश्वविद्यालय ने आरवीएम सीएडी कंसलटेंट के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए। आरवीएम सीएडी स्थित कंप्यूटर-एडेड डिजाइन, कंप्यूटर-एडेड मैन्युफैक्चरिंग और कंप्यूटर एडेड इंजीनियरिंग के क्षेत्र में विशेषज्ञता रखने वाली कंपनी है। समझौते पर जेसी बोस विश्वविद्यालय की ओर से कुलसचिव डॉ. एस के गर्ग तथा कंपनी की ओर से आरवीएम सीएडी के निदेशक रवि मखीजा ने हस्ताक्षर किए। इस मौके पर कुलपति प्रो. दिनेश कुमार, प्रो. पूनम सिंघल आदि मौजूद रहे। ब्यूरो

**NEWS CLIPPING: 21.08.2021**

**AMAR UJALA**

# जेसी बोस में 375 को लगा टीका

फरीदाबाद। जेसी बोस विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय वाईएमसीए द्वारा शुक्रवार को विश्वविद्यालय परिसर में कोरोना टीकाकरण शिविर का आयोजन किया। जिसमें 18 वर्ष से ऊपर की आयु वर्ग के विद्यार्थियों और कर्मचारियों ने टीका लगवाया। 375 लोगों को पहला व दूसरा टीका लगा। विश्वविद्यालय के स्वास्थ्य केंद्र द्वारा चिकित्सा अधिकारी डॉ. अंकुर शर्मा की देखरेख में शिविर लगाया गया। इस मौके पर कुलपति प्रो. दिनेश कुमार, कुलसचिव डॉ. एसके गर्ग आदि मौजूद रहे। ब्यूरो